परीक्षा विभाग

शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक/ 5920 /परीक्षा/2026 दिनांक : 13.03.2026

उत्तरपुस्तिका अवलोकन एवं उत्तरपुस्तिका के अंकों की पुनर्गणना हेतु आवश्यक सूचना

सत्र 2025-26 अन्तर्गत महाविद्यालय में आयोजित **बी.एस-सी. प्रथम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा, बीसीए प्रथम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा, बी.एस-सी. प्रथम सेमेस्टर एटीकेटी परीक्षा, बी.एस-सी. प्रथम सेमेस्टर भूतपूर्व परीक्षा दिसम्बर 2025 - जनवरी 2026** के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके हैं। विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम का अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाइट www.collegeholkar.org पर स्वयं की Profile में जाकर कर सकते हैं। यदि किसी परीक्षार्थी के परीक्षा परिणाम, अनुक्रमांक, नामांकन क्रमांक, स्वयं के नाम, सरनेम, पिता के नाम, माता के नाम आदि में कोई त्रुटि हो तो वह तत्काल सादे कागज पर लिखित आवेदन में त्रुटियों का उल्लेख करते हुए परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में जमा करें ताकि उन त्रुटियों का निराकरण **तत्काल निःशुल्क** किया जा सके।

1. उत्तरपुस्तिका अवलोकन (Answer Book Showing) तथा उत्तरपुस्तिका के अंकों की पुनर्गणना (Answer Book Retotalling) के आवेदन पृथक-पृथक पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से भरे जाएंगे। इस हेतु विद्यार्थी स्वयं की Profile में जाकर संबंधित आवेदन कर सकते हैं।
2. नियमित/भूतपूर्व/एटीकेटी के विद्यार्थी अपनी उत्तरपुस्तिका का अवलोकन (Answer Book Showing) तथा उत्तरपुस्तिका के अंकों की पुनर्गणना (Answer Book Retotalling) सभी प्रश्नपत्रों की उत्तरपुस्तिकाओं की करा सकते हैं।
3. उत्तरपुस्तिका अवलोकन का शुल्क 200/- रूपये (प्रति उत्तरपुस्तिका) है तथा उत्तरपुस्तिका के अंकों की पुनर्गणना का शुल्क 200/- रूपये (प्रति उत्तरपुस्तिका) है। शुल्क का भुगतान विद्यार्थी द्वारा स्वयं की Profile पर Paytm के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। **SBI Collect द्वारा जमा किया गया शुल्क मान्य नहीं होगा।**
4. विद्यार्थी जिस भी प्रश्नपत्र की उत्तरपुस्तिका का अवलोकन करना चाहते हैं उस प्रश्नपत्र का पूर्ण शीर्षक अंकसूची अनुसार अनिवार्य रूप से चयन करें। गलत एवं अपूर्ण प्रश्नपत्र के शीर्षक का चयन करने पर विद्यार्थी स्वयं उत्तरदायी रहेगा।
5. उत्तरपुस्तिका अवलोकन तथा उत्तरपुस्तिका के अंकों की पुनर्गणना के लिए ऑनलाइन आवेदन **दिनांक 16.03.2026 से 24.03.2026 तक किये जा सकेंगे।** निर्धारित अंतिम दिनांक 24.03.2026 के पश्चात् किसी भी विद्यार्थी का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।
6. आधार पाठ्यक्रम (ओएमआर द्वारा संपादित परीक्षा) से संबंधित उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन एवं पुनर्मूल्यांकन नहीं कराया जाएगा।
7. विद्यार्थी उत्तरपुस्तिका अवलोकन कराए जाने की दिनांक एवं समय की जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रतिदिन महाविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। यह जानकारी व्यक्तिशः फोन अथवा एसएमएस के माध्यम से नहीं दी जावेगी।
8. उत्तरपुस्तिका अवलोकन कराए जाने की निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात् किसी भी विद्यार्थी को उत्तरपुस्तिका का अवलोकन नहीं कराया जाएगा।
9. किसी भी प्रकार की कठिनाई के लिए परीक्षा विभाग की आई.टी. सेल पर तत्काल संपर्क करें।

प्रभारी **परीक्षा नियंत्रक** **प्रशासनिक अधिकारी** **प्राचार्य**